श्रीमान जी,

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

85/ 22.7.19

2019/00086

निवेदन है कि श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश कमांकः–पंजी/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान् जी को बन्द वसीयत प्रार्थना पत्र एवं बन्द वसीयत खुलवाने बाबत् अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में उक्त बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रार्थी श्री गणेश सिडाना पुत्र श्री ओम प्रकाश जाति अरोडा निवासी 245 मुकर्जीनगर तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र,,मुत्यु प्रमाण पत्र,, वारिसनामा पत्र,मूल रसीद, आई डी प्रूफ पेश कर निवेदन किया है कि मेरे पिता श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री चानण राम उर्फ चानण दास निवासी 245 मुकर्जी नगर तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने वसीयत दिनांक 18.03.2010 को करवाई थी। प्रार्थी के पिता का देहान्त दिनांक 25.02.2014 को हो चुका है। उनके द्वारा दिनांक 18.03.2010 को करवायी गयी बंद वसीयत करवायी गयी थी जिसको खोला जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया।

प्रार्थी को गवाहान श्री नरेन्द्र कुमार मिढढा पुत्र श्री जीवन दास मिढढा एवं श्री भारत भूषण पुत्र श्री कश्मीरी लाल ने पहचाना। प्रार्थी व गवाहों की पहचान श्री रिछपाल सिंह, श्रीगंगानगर द्वारा की है। वसीयत खोले जाने हेतु आदेशार्थ प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है।

<u>जिला पंजीयक महोदय</u>